राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

25 मार्च 2023: शनिवार: वर्ष– 03: अंक – 50

एक छोटी चिड़ियाँ

आज की कविता

एक छोटी चिड़िया पेड़ पर अकेली बैठी सोच रही है कि अगर उसकी एक साथी और आ जाए तो वो दो हो जाएंगी। जब दो चिड़ियाँ हो गईं तो सोचने लगीं कि अगर उनकी एक साथी और आ जाए तो वो तीन हो जाएंगी। एक चिड़िया और आ गई और वो तीन हो गईं। तीनों चिड़ियाँ मिलकर कुछ सोच रही हैं? बताओ क्या? चित्र पर क्लिक कर सुनते ये कविता ।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। L for Learn

चंदा और टोपी

आज की कहानी

चिंटू को मेले मे से माँ ने एक सुंदर नीली टोपी दिलाई। पर टोपी आंधी में उड़ गई और एक पेड़ पर अटक गई। चिंटू दुखी हुआ। पर रात में जब उसने देखा तो वह टोपी तो चाँद ने लगा रखी थी। वह टोपी अब चाँद की हो गई । कैसे मिली चिंटू को उसकी सुंदर टोपी? क्या चाँद ने टोपी वापस की? पूरी कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Bookbox

गाँव का बच्चा

आज की किताब

बच्चा तो बच्चा है। वह सबके लिए एक बच्चा ही तो है । क्या हुआ जब एक बच्चा बाजार में गुम हो गया ? वह गुम हो गया या कहीं किसी के पास मजे कर रहा है ? क्यों हर कोई उसकी देखभाल कर रहा है ? पढ़ते हैं ये मजेदार कहानी । पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करो



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Scholastic-Eklavya

हवा कार

आज की गतिविधि

आपने पेट्रोल और डीजल कार सुनी और देखी होगी। और अब तो इलेक्ट्रिक कार का भी जमाना है । लेकिन क्या कभी तुमने हवा कार के बारे में कुछ देखा या सुना है? हवा से चलने वाली कार तुम भी बना सकती हो । इसके लिए चाहिए प्लास्टिक की एक खाली बॉटल, रबर बैन्ड, चार पहिये और कुछ तार बस। तो आओ देखते हैं इसे बनाने का पूरा विडिओ।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

बच्चों से सीखना

टीचर्स कॉर्नर

बच्चे अपनी भाषा और संवाद की समझ लेकर स्कूल आते हैं। अक्सर स्कूल और किताबों की मानक भाषा से उसका टकराव होता है। ऐसे में बच्चों की सीखने की गति और स्कूल में उसके टिके रहने की संभावना दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। महेश झरबड़े बता रहे हैं कि बच्चों से उनकी मातृभाषा सीख कर आप स्कूल की उनकी राह आसान बना सकते हैं। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

कक्षा में किताब

हमारा पुस्तकालय

पुस्तकालय में बच्चों का स्वतंत्र रूप से किताबें चुनकर पढ़ना उनके पाठक बनने की लिए जितना जरूरी और महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण है कहानी के इर्द गिर्द सार्थक और सहभागी बातचीत। कमलेश जोशी बच्चों के साथ एक कहानी पर हुई चर्चा का अपना अनुभव इस आलेख में रख रहे हैं। आइए पढ़ते हैं पूरा आलेख।



शिक्षकों के लिए। Sandarbh

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 152वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कांड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।